**प.रे. प्रेस विज्ञप्ति संख्या 2020/11** **मुंबई, 12 नवम्बर, 2020**

# किसान आंदोलन के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ और विशेष ट्रेनों पर असर

पंजाब में किसान आंदोलन के कारण, ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई है और इसलिए, कुछ और ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है तथा कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। पश्चिम रेलवे पर चलने वाली कुछ अन्य ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और तदनुसार शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री सुमित ठाकुर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन प्रभावित ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है:

## रद्द की गई ट्रेनें :

1). 13.11.2020 को छूटने वाली ट्रेन नम्बर 02919 डॉ. अम्बेडकर नगर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल ट्रेन।

2) 15.11.2020 को छूटने वाली ट्रेन नम्बर 02920 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - डॉ. अम्बेडकर नगर स्पेशल ट्रेन।

## शॉर्ट - टर्मिनेटेड / शॉर्ट ओरिजनेटेड ट्रेनों का विवरण :

1). 12.11.2020 को छूटने वाली ट्रेन नम्बर 02903 मुंबई सेंट्रल - अमृतसर स्पेशल ट्रेन को अंबाला कैंट में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा तथा यह अंबाला कैंट और अमृतसर के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

2) 14.11.2020 को छूटने वाली ट्रेन नम्बर 02904 अमृतसर - मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन अंबाला कैंट से शुरू होगी तथा अमृतसर और अंबाला कैंट के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

3) 12.11.2020 को छूटने वाली ट्रेन नंबर 02925 बांद्रा टर्मिनस - अमृतसर स्पेशल ट्रेन, अंबाला कैंट में शॉर्ट टर्मिनेट होगी और अमृतसर एवं अंबाला कैंट के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

4) 14.11.2020 को छूटने वाली ट्रेन नम्बर 02926 अमृतसर - बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन, अंबाला कैंट से शुरू होगी तथा अमृतसर और अंबाला कैंट के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

5) 13.11.2020 को छूटने वाली ट्रेन नंबर 00901 बांद्रा टर्मिनस - जम्मू तवी पार्सल स्पेशल ट्रेन अंबाला कैंट में शॉर्ट टर्मिनेट की जाएगी तथा अंबाला कैंट और जम्मू तवी के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

6) 15.11.2020 को छूटने वाली ट्रेन नंबर 00902 जम्मू तवी - बांद्रा टर्मिनस पार्सल स्पेशल ट्रेन अंबाला कैंट से शुरू होगी तथा जम्मू तवी और अंबाला कैंट के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

*****